1022
16/2/13

खण्ड-2

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय संख्या-22
शोध/संदर्भ ग्रंथ

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## ( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

सत्यमेव जयते

दिनांक : 28 जून, 1995 ई०

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो डा० आलम को एक ही स्थान पर लगातार 12 वर्षों तक पदस्थापित रखने का क्या औचित्य है तथा सरकार इन्हें कबतक अन्यत्र पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

**श्री विद्या सागर निषाद :** 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है । इस संदर्भ में मंत्री मंडल (समन्वय) विभाग से प्राप्त परिपत्र के आलोक में सामान्यतः किसी भी पदाधिकारी/कर्मचारी का पदस्थापन एक स्थान पर तीन वर्ष से अधिक नहीं रहना है। परन्तु इसी विभाग द्वारा निर्गत अद्यतन निर्देश के अनुसार स्थापना समितियों द्वारा किसी भी संवर्ग में 15% से अधिक स्थानान्तरण पदस्थापन नहीं करने का निदेश प्राप्त हुआ है। उक्त स्थिति में 6 वर्ष से अधिक अवधि से पदस्थापित चिकित्सकों का स्थानान्तरण करने का प्रस्ताव स्थापना समिति के समक्ष विचाराधीन है।

3. पूर्व से होमियोपैथ चिकित्सक पदाधिकारी का मात्र एक पद कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, कटिहार में सृजित रहने के कारण इन्हें स्थानान्तरण का कोई प्रश्न नहीं था। दिनांक 23.12.92 को दूसरा पद होमियोपैथ चिकित्सक का कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय डालमियानगर में उपलब्ध होने पर इस पद पर महिला चिकित्सक डा० श्रीमती सुमित्रा साहू को पदस्थापित किया गया जिनका कार्यकाल अभी तीन वर्ष पूरा नहीं हुआ है। यही कारण है कि डा० सर्फे आलम का स्थानान्तरण नहीं हुआ है। होमियोपैथ चिकित्सक का पद अराजपत्रित है।

## मार्ग की मरम्मती

***2033. श्री दुलाल भुईंया :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत जमशेदपुर से चटागढ़ा मार्ग जो जर्जर अवस्था में है और उसकी मरम्मति आज तक नहीं की गयी है;

2. यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त मार्ग को मरम्मति करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री :** 1. उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना द्वारा पथ के समानान्तर नहर बनाने के फलस्वरूप 2 से 8 कि० मी० पथाँश में पथ क्षतिग्रस्त हो गया है। रेस्टोरेशन का कार्य चल रहा है और क्षतिग्रस्त पथाँश की मरम्मति शीघ्र करा दी जायेगी।

## पुल का निर्माण

***2039. श्री राम चन्द्र यादव :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि–

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत दरभंगा मधवापुर पथ में रधौली गाँव के दक्षिण पुल निर्माण कार्य विगत दो वर्षों से अधूरा रहने के कारण बरसात के समय आवागमन अवरूद्ध हो जाता है;

2. यदि **खण्ड 1** का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अधूरा पुल का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराकर आवागमन को चालू कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री :** 1. वर्ष 1994 के बरसात के पहले 17 वें कि० मी० में रधौती गाँव के सामने लकड़ी का पुल ध्वस्त हो गया था, वहाँ पर 3 कतार ह्यूम पाईप देकर पक्का ड्राईभरसन से बरसात